## प्रेस नोट- दिनांक- 01.10.2024, जनपद प्रतापगढ़

### माह सितम्बर में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा कृत सराहनीय कार्य

अपराध नियंत्रण / कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु प्रतापगढ़ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही-
प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा माह सितम्बर में 24 गैंगस्टर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल (जिसमें 04 शातिर अभियुक्त 25000/- रूपये के ईनामिया थे)
01 लाख रुपये के 02 इनामिया, 50 हजार के 03 इनामिया, 25 हजार के 08 इनामिया, 15 हजार के 03 इनामिया अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।
57 गैंगस्टर के विरूद्ध विभिन्न थानों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 17 अभियोग पंजीकृत
27 गैंगस्टर जेल में निरूद्ध, तथा 15 गैंगस्टर गिरफ्तार किए गए,

माह सितम्बर में हुए 03 पुलिस मुठभेड़ में कुल 05 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार
पुलिस मुठभेड़ में थाना हथिगवां से 25000/- रूपये का इनामिया 01 गिरफ्तार, थाना कोतवाली देहात से 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार (अभियुक्त के पैर में लगी गोली) तथा दिनांक 15.09.2024 को क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लीलापुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अन्तर्जनपदीय चोरों का गैंग चढ़ा हत्थे

पेशवर अपराधियों की सतर्क निगरानी हेतु माह सितम्बर में खोली गई कुल 10 एचएस (हिस्ट्रीशीट)
-थाना कोतवाली देहात में 01, थाना अन्तू में 03, थाना कोहंडौर में 01, थाना पट्टी में 01, थाना दिलीपपुर में 03, थाना उदयपुर में 01 हिस्ट्रीशीट इस प्रकार कुल 10 हिस्ट्रीशीट (एचएस) खोला गया।

माह सितम्बर में 08 अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत की गई कार्यवाही
-हत्या, लूट, छेड़खानी, मारपीट, चोरी जैसे अपराध में संलिप्त 08 अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर से 07 व थाना अन्तू से 01 गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है।

लूट की 04 घटनाओं का किया गया सफल अनावरण, कुल 10 अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल
-थाना कोतवाली देहात से 05, थाना अन्तू से 01, थाना आसपुर देवसरा से 03, थाना महेशगंज से 01 लूटेरों को भेजा गया जेल
थाना आसपुर देवसरा से लूट की घटना का 12 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण कर शत-प्रतिशत धनराशि (कुल 4 लाख 15 हजार रूपये) की गई बरामद व 03 अभियुक्तों को भेजा गया जेल
-उपरोक्त कृत्य सराहनीय कार्य पर एडीजी जोन एवं आईजी रेंज महोदय द्वारा प्रतापगढ़ पुलिस की पीठ थपथपाई गई

क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में दिनांक 15.09.2024 को मोटर साइकिल चोरों के गिरोह का किया गया पर्दाफाश। चोरी की 12 मोटर साइकिलों के साथ 03 शातिर चोरों को भेजा गया जेल-

हत्या व सामुहिक दुष्कर्म कारित करने वाले गैंग व गैंग के सदस्यों के आपराधिक गतिविधियों पर सतत् निगरानी/प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा थाना देल्हूपुर व थाना लीलापुर से 02 गैंग का पंजीकरण किया गया

आपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत माह सितम्बर में प्रतापगढ़ पुलिस एवं अभियोजन के प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 प्रकरणों में 04 अभियुक्तों को आजीवन कारावास से दण्डित किया गया

यूपी-112 प्रतापगढ़ पीआरवी वाहनों का कम हुआ औसत रिस्पांस टाइम, माह जून में 11.11 मिनट, माह जुलाई- 10.55 मिनट, माह अगस्त- 08.52 मिनट, माह सितम्बर- 08.10 मिनट रहा औसत रिस्पांस टाइम

प्रतापगढ़।
अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज श्री भानू भास्कर, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज श्री प्रेम गौतम के पर्यवेक्षण एवं पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक(पूर्वी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी) श्री संजय राय एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही जारी है।

24 गैंगस्टर अपराधियों की गिरफ्तारी –
पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में माह सितम्बर वर्ष 2024 में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लूट, डकैती, हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि जघन्य अपराधों में संलिप्त कुल 24 गैंगस्टर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त गैंगस्टर अभियुक्तों की गिरफ्तारी में बीट पुलिस कर्मियों (मुख्य आरक्षी/आरक्षी) की अहम भूमिका रही है। अदम्य साहसपूर्ण एवं उत्कृष्ठ कार्य करने वाले बीट आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्द्धन किया गया।

थाना कोतवाली नगर से 02 (जिसमें 01 अभियुक्त 25000/- रूपये का इनामिया), कोतवाली देहात से 04, थाना देल्हूपुर से 01, थाना मान्धाता से 01, रानीगंज से 05, थाना कन्धई से 01, थाना बाघराय 02 गैंगस्टर (जिसमें 01 अभियुक्त 25000/- रूपये का इनामिया), थाना जेठवारा से 01, थाना लालगंज से 01, थाना लीलापुर पुलिस से 03 (जिसमें 02 अभियुक्त 25000/- रूपये के इनामिया), थाना कुण्डा से 03, इस प्रकार कुल 24 गैंगस्टर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा माह सितम्बर में 57 गैगस्टर के विरुद्ध कुल 17 गैगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया –

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी/पश्चिमी) के मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में अपराध नियंत्रण हेतु जीरो टॉलरेंश नीति के तहत प्रभावी कार्यवाही हेतु माह सितम्बर में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत विभिन्न थानों पर कुल 17 अभियोग कुल 57 अभियुक्तों को विरूद्ध पंजीकृत किया गया।

थाना कोतवाली नगर से 02, थाना अन्तू से 03, थाना कोतवाली देहात से 01, थाना कोहंडौर से 01, थाना रानीगंज से 01, थाना मान्धाता से 01, थाना पट्टी से 01, थाना कन्धई से 01, थाना दिलीपपुर से 01, थाना लीलापुर से 02, थाना कुण्डा से 02 तथा थाना देल्हूपुर से 01 गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। 27 गैंगस्टर जेल में निरूद्ध, 15 गैंगस्टर जमानत तथा 15 गैंगस्टर गिरफ्तार हैं।

03 पुलिस मुठभेड़, 05 गिरफ्तारी-

01-दिनांक 15.09.2024 को क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लीलापुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अन्तर्जनपदीय चोरों का गैंग हत्थे चढ़ा। चोरी के लगभग 10 लाख रूपये कीमत की 04 एंड्रायड फोन बरामद कर 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जनपद प्रयागराज के थाना मऊआईमा क्षेत्र से 11-12 सितंबर की रात को फैसल मोबाइल शाप में चोरी हुई थी। इस संबध में थाना मऊआईमा में मु0अस0 294/24 धारा 331(4)/305ए बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत हुआ था।

02-दिनांक 18.09.2024 को थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत स्थित भद्शिव अण्डर पास के पास पुलिस मुठभेड़ में चोरी, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास जैसे जघन्य अपराधों में संलिप्त मु0अ0सं0 44/2024 धारा 307 भादवि में वांछित 25000/- रूपये का इनामिया 01 अभियुक्त अरविन्द कुमार मिश्रा पुत्र देवी प्रसाद मिश्रा समसपुर छोटी बहरिया थाना हथिगवां को गिरफ्तार किया गया।

03-दिनांक 19.09.2024 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत रामपुर मुस्तर्का पुलिया के पास पुलिस मुठभेड़ में मु0अ0सं0 313/24 धारा 2/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली देहात में वांछित 01 गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सूरज सिंह (उम्र-23 वर्ष) पुत्र लल्लू सिंह निवासी लोका का पुरवा पूरेखुशई, मोहनगंज थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ के दाहिने पैर के घुटने के नीचे गोली लगी। घायल अभियुक्त को प्राथमिक उपचार के बाद जेल भेजा गया। शातिर अपराधी सूरज सिंह उपरोक्त पर मारपीट, चोरी, अपहरण, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट व विस्फोटक अधिनियम के लगभग 01 दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध पर प्रभावी रोकथाम एवं पेशेवर अपराधियों की सतर्क निगरानी हेतु खोली गई 10 हिस्ट्रीशीट –

जनपद प्रतापगढ़ में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में लगातार अपराधियों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है एवं पेशेवर/अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही जारी है।
-माह सितम्बर में जघन्य अपराधों में संलिप्त अपराधियों की सतर्क निगरानी/ सत्यापन हेतु माह सितम्बर में प्रतापगढ पुलिस द्वारा विभिन्न थानों में कुल 10 हिस्ट्रीशीट (एचएस) खोली गई।
-थाना कोतवाली देहात में 01, थाना अन्तू में 03, थाना कोहंडौर में 01, थाना पट्टी में 01, थाना दिलीपपुर में 03, थाना उदयपुर में 01 हिस्ट्रीशीट इस प्रकार कुल 10 हिस्ट्रीशीट (एचएस) खोला गया।

08 अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही
हत्या, लूट, छेड़खानी, मारपीट, चोरी, धोखाधड़ी जैसे अपराधों में संलिप्त 08 अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर से 07 व थाना अन्तू से 01 गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है।

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा माह सितम्बर में कुल 04 लूट की घटनाओं का सफल अनावरण किया गया-
श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी/पश्चिमी) के मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस/गठित टीम द्वारा इलेक्ट्रॉनिक/मेनुअल साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए लूट की 04 घटनाओं का सफल अनावरण कर कुल 10 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना कोतवाली देहात से 05, थाना अन्तू से 01, थाना आसपुर देवसरा से 03, थाना महेशगंज से 01 लूटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

थाना आसपुर देवसरा से लूट की घटना का 12 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण कर शत-प्रतिशत धनराशि (कुल 4 लाख 15 हजार रूपये) की गई बरामद व 03 अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

मोटर साइकिल चोरों के गिरोह का पर्दाफाश-
दिनांक 15.09.2024 को क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण में प्रशिक्षु उ0नि0 प्रशान्त दुबे द्वारा मोटर साइकिल चोरी के गिरोह पर कसा गया शिकंजा। थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना से संबंधित शातिर 03 अभियुक्तों को किया गया तथा चोरी की कुल 12 मोटर साइकिलें बरामद की गई।

02 गैंग का पंजीकरण-
1- आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से जघन्य अपराध कारित करने वाले गैंग लीडर आकाश वर्मा पुत्र दीनानाथ वर्मा निवासी पुतईपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ व गैंग के सदस्य संजय कोरी पुत्र सुरेश कोरी व सोनू पाल पुत्र सुपाल पाल निवासीगण पुतईपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ के अपराधिक गतिविधियों पर सतत् निगरानी/प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु नियमानुसार जनपद स्तर पर (कोड

नम्बर डी0-152) आबंटित करते हुए हत्या कारित करने का गैंग थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ पंजीकृत किया गया।
2-गैंग लीडर संजय वर्मा पुत्र पप्पू वर्मा व गैंग सदस्य राहुल वर्मा पुत्र कमलेश वर्मा निवासीगण ग्राम नौबस्ता (कोपा) थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ के अपराधिक गतिविधियों पर सतत् निगरानी/प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु नियमानुसार जनपद स्तर पर (कोड नम्बर डी0-151) आबंटित करते हुए सामुहिक दुष्कर्म कारित करने का गैंग थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ पंजीकृत किया गया।

आपरेशन कन्विक्शन अभियान-
श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा शासन के मंशा के अनुरूप चिन्हित अपराधों में त्वरित सजा सुनिश्चित कराने हेतु चलाये गये आपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रतापगढ़ पुलिस एवं अभियोजन के प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 प्रकरणों में 04 अभियुक्तों को आजीवन सजा सुनाई गयी तथा 02 प्रकरणों में 02 अभियुक्तों को 07 वर्ष से अधिक की सजा सुनाई गयी।
थाना हथिगवां से 01 हत्या व एससी एसटी के प्रकरण में 02 दोषसिद्ध को आजीवन कारावास, थाना रानीगंज से 01 हत्या प्रकरण में 01 दोषसिद्ध को आजीवन कारावास, थाना कोतवाली नगर से 01 हत्या व दहेज एक्ट के प्रकरण में 01 दोषसिद्ध को आजीवन कारावास

बयान – जनपद में कानून-व्यवस्था को कायम रखने एवं अपराध नियंत्रण हेतु प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा जीरो टॉलरेंश नीति के तहत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी है। जनपदवासियों की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने हेतु प्रतापगढ़ पुलिस संकल्पित एवं समर्पित है। नागरिकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान/शान्ति व्यवस्था हेतु सभी अधिकारी/थाना प्रभारियों व पुलिस कर्मियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिये गये है।

डॉ0 अनिल कुमार,
पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़।

**थाना– कोहंडौर, जनपद प्रतापगढ**

कोंहडौर पुलिस ने 02 चोरों को दबोचा, चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल बरामद।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में अपराध में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध एक्शन जारी।

अंबेडकर तिराहा जनपद अमेठी से चोरी की गई 01 अदद मोटर साइकिल बरामद, 02 चोर गिरफ्तार

चेकिंग के दौरान उ0नि0 प्रवीण कुमार दुबे मय हमराह उ0नि0 प्रतीक सिंह, हे0का0 राजीव कुमार, हे0का0 लालबाबू शुक्ला, का0 प्रवीण कुमार, का0 मनीष कुमार द्वारा चोरी की मोटर साइकिल के साथ 02 अभियुक्तों की गिरफ्तार किया गया

मदाफरपुर कोहंडौर रोड स्थित अतरसंड नहर पुलिया के पास से 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

प्रतापगढ़।
दिनांक 01.08.2024 को अंबेडकर तिराहा जनपद अमेठी से मोटर साइकिल चोरी करने वाले 02 चोरों को थाना कोहंडौर पुलिस द्वारा मदाफरपुर कोहंडौर रोड स्थित अतरसंड नहर पुलिया के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिवनारायण वैस के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष उ0नि0 राधेश्याम के नेतृत्व में दिनांक 01.10.2024 थाना कोहंडौर के उ0नि0 प्रवीण कुमार दुबे मय हमराह उ0नि0 प्रतीक सिंह, हे0का0 राजीव कुमार, हे0का0 लालबाबू शुक्ला, का0 प्रवीण कुमार, का0 मनीष कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कोहंडौर क्षेत्रान्तर्गत मदाफरपुर कोहंडौर रोड स्थित अतरसंड नहर पुलिया के पास 02 अभियुक्तों 1- विकास कुमार पुत्र रामलाल निवासी ग्राम पण्डित का पुरवा, मधुपुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़, 2- अनुज विश्वकर्मा पुत्र शिव बहादुर विश्वकर्मा निवासी ग्राम धन्नीपुर थाना कोहंडौर जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल बरामदगी के आधार पर थाना कोंडडौर पर मु0अ0स0- 161/24 धारा 317(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

पूछताछ का विवरण –
गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि बरामद हुए मोटर साइकिल हम लोगों ने दिनांक 01.08.2024 को अंबेडकर तिराहा जनपद अमेठी से चोरी किये थे। आज हम लोग चोरी की मोटर साइकिल को बेचने जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1- विकास कुमार पुत्र रामलाल निवासी ग्राम पण्डित का पुरवा, मधुपुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़।

2- अनुज विश्वकर्मा पुत्र शिव बहादुर विश्वकर्मा निवासी ग्राम धन्नीपुर थाना कोहंडौर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी –
चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल बरामद।

पुलिस टीम - उ0नि0 प्रवीण कुमार दुबे मय हमराह उ0नि0 प्रतीक सिंह, हे0का0 राजीव कुमार, हे0का0 लालबाबू शुक्ला, का0 प्रवीण कुमार, का0 मनीष कुमार थाना कोहंडौर जनपद प्रतापगढ़ ।

## थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ

"बेटे ने ही की थी पिता की हत्या"
ब्लाइंड मर्डर केस का सफल अनावरण
पिता के सिर पर डण्डा मार कर हत्या करने वाला आरोपी बेटा लालगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार
अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद डण्डा बरामद
थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा ग्राम पूरेतिलकराम नहर पटरी सड़क से अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

प्रतापगढ़-
दिनाँक 29.09.2024 को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम राजातारा अमावां में 01 व्यक्ति की हत्या करने के प्रकरण में मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर थाना लालगंज में मु0अ0सं0-414/2024 धारा-103(1) बी0एन0एस0 बनाम 01 व्यक्ति नामजद(मृतक का दामाद) पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा ॅ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक प्रभारी निरीक्षक श्री नीरज कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 दीपक कुमार यादव, कां0 रविन्द्र चौधरी, कां0 नीरज, कां0 छत्रपाल द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों/ पतारसी सुरागरसी के दौरान वह इलेक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर थाना लालगंज के मु0अ0सं0-414/2024 धारा-103(1) बी0एन0एस0 से संबंधित प्रकाश में आया अभियुक्त श्यामू वर्मा पुत्र रामफेर वर्मा निवासी ग्राम राजातारा अमावां थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 01.10.2024 को थानाक्षेत्र लालगंज के ग्राम पूरेतिलकराम नहर पटरी सड़क से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर उसके घर से घटनास्थल के पास कटहल के पेड़ के पास से आलाकत्ल 01 बांस का डण्डा बरामद किया गया।

पूछताछ का विवरणः-
गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मेरे पिताजी अत्यधिक शराब पीते थे और शराब पीने के लिये घर के सामान को बेच देते थे। घटना के दिन मेरे और मेरे पिताजी के बीच शराब पीने को लेकर झगड़ा/ मारपीट हुई थी। मारपीट के दौरान मैंने अपने पिताजी के सिर पर डण्डे से मार दिया था और वहां से चला गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
श्यामू वर्मा पुत्र रामफेर वर्मा निवासी ग्राम राजातारा अमावां थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी-
अभियुक्त के निशांदेही पर 01 आलाकत्ल डण्डा बरामद।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-
प्रभारी निरीक्षक श्री नीरज कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 दीपक कुमार यादव, कां0 रविन्द्र चौधरी, कां0 नीरज, कां0 छत्रपाल थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।